## बीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की 32 वीं ऑनलाइन बैठक दिनांक 16.11.2022 का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थेः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 ओंकार सिंह, कुलपति, वी0मा0सि0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून | अध्यक्ष |
| 2 | डॉ0 कुसुम अरूणाचलम, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, दून विश्वविद्यालय देहरादून | सदस्य |
| 3 | डॉ0 डी0एस0 मूर्ति, प्रोफेसर, कालेज ऑफ टैक्नोलाजी, जी0बी0पी0यू0ए0टी0, पन्तनगर | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 4 | डॉ0 एस0 नैथानी, ई0सी0ई0, जी0बी0पी0ई0सी0, पौड़ी | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5 | डॉ0 पी0के0 पटेल, एम0ई0 जी0बी0पी0ई0सी0, पौड़ी | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 6 | डॉ0 अनिरूद्ध गुप्ता, प्रोफेसर, एम0ई0, बी0टी0के0आई0टी, द्वाराहाट, अल्मोड़ा | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 7 | डॉ0 अजीत सिंह, प्रोफेसर, सी0एस0ई0, बी0टी0के0आई0टी, द्वाराहाट, अल्मोड़ा | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 8 | श्री आर0पी0 गुप्ता, कुलसचिव, वी0मा0सि0भ0, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 9 | श्री वी0 एस0 जन्तवाल, वित्त नियंत्रक, वी0मा0सि0 भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 10 | श्री पी0के0 अरोड़ा, परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सि0 भ0, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून | सदस्य |

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व मा0कुलपति महोदय/अध्यक्ष परीक्षा समिति द्वारा समिति के सभी सदस्यों एवं आमंत्रितो का सत्र 2022–23 की द्वितीय परीक्षा समिति की बैठक में स्वागत किया गया, जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

(क). परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा समिति की 31 वीं बैठक के कार्यवृत्त की संपुष्टि/अनुमोदन प्रदान किया गया।

| एजेण्डा बिन्दु | प्रस्ताव | निर्णय (विनिश्चय) |
|---|---|---|
| बिन्दु 32–02 | सत्र 2022–23 के हेतु पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा कराये जाने हेतु विचार। | बैठक में परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2022–23 हेतु प्रस्तुत प्रस्तावनुसार (संलग्नक–1) पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराये जाने पर चर्चा करते हुए परीक्षा शीध्र आयोजित कराने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| बिन्दु 32–03 | सत्र 2021–22 एवं 2021–22 के परीक्षाफल (रेगुलर एवं बैक पेपर) में संशोधन के तहत दिनांक 20.10.2022 को देहरादून, हरिद्वार, रूडकी आदि समस्त गढ़वाल मण्डल तथा दिनांक 28.10.2022 को पिथौरागढ़, काशीपुर, हल्द्वानी आदि समस्त कुमायु मण्डल को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थानों के निदेशकों को बुलाया गया था जिससे उनके संस्थान में उपरोक्त सत्र के रिजल्ट में यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो साक्ष्यों के साथ स्वयं प्रस्तुत करे। उक्त के संबंध में सभी का निराकरण किये जाने की कार्यवाही की सूचना। | परीक्षक नियंत्रक द्वारा संबधित प्रकरण पर अवगत कराया गया कि सत्र 2021–22 एवं 2021–22 के परीक्षाफल (रेगुलर एवं बैक पेपर) में संशोधन के उपरान्त परीक्षाफल संस्थानों को प्रेषित किये जा चुके है। तदोपरान्त परीक्षा समिति द्वारा संशोधन परीक्षाफल संस्थानों प्रेषित किये जाने पर सन्तोष प्रकट किया गया। |
| बिन्दु 31–04 | एस0आई0टी,पिथौरागढ एवं डी0बी0आई0टी0देहरादून के दो छात्रों को अंकतालिका निर्गत किये जाने पर विचार।<br>1.सादर अवगत कराना है कि दॉयी ओर सलंग्न नन्ही परी सीमान्त अभियान्त्रिक संस्थान, पिथौरागढ के पत्र का अवलोकन करने का कश्ट करें। जिसमें संस्थान द्वारा अवगत कराया गया है कि बी0टैक0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्र कमलेश सिंह रावत का पंजीकरण सत्र 2017-18 में हुआ था। छात्र अस्वस्थ होने के कारण 2018-2019 में चतुर्थ सेमेस्टर में पंजीकरण नही करा पाया। छात्र द्वारा स्वस्थ होने के उपरान्त सत्र 2019-2020 में चतुर्थ सेमेस्टर में पंजीकरण कराया गया। लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2019-2020 में पाठ्यक्रम परिवर्तित कर दिया गया। छात्र द्वारा तृतीय सेमेस्टर पूर्व | परीक्षा समिति द्वारा संबंधित प्रकरणों पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया है कि संबंधित छात्रों के मार्कसीट निर्गत कराये जाने हेतु एक कमेटी गठित की जाय, तथा बी0के0के0आई0टी0 द्वाराहाट संस्थान के संबंधित प्रकरणों को भी शामिल करते हुए इसी कमेटी के माध्यम से निस्तारण किये जाने का निर्णय लिया गया। संबंधित प्रकरणों के निर्णय/अनुमोदन हेतु परीक्षा समिति द्वारा मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। इस हेतु समिति का गठन निम्नवत् किया गया हैः– |

| | | |
|---|---|---|
| | पाठ्यकम (Old Syallbus) एवं चतुर्थ सेमेस्टर नवीन पाठ्यकम (New Syallbus) से उत्तीर्ण किया गया। पाठ्यकमों में भिन्नता होने के कारण द्वितीय वर्ष की अंकतालिका नही मिल पायी। संस्थान द्वारा द्वितीय वर्ष की अंकतालिका उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।<br>2. सादर अवगत कराना है कि दॉयी ओर सलंग्न देव भूमि इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी संस्थान, देहरादून के पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसमें संस्थान द्वारा अवगत कराया गया है कि बी0टैक0पाठ्यकम में पास आउट छात्र सचिन कुमार,रौ0न0–170080101076 ब्रान्च कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग का सत्र 2017-21 का था। छात्र दुर्घटना के कारण 2018-2019 में द्वितीय वर्ष में पंजीकरण नही करा पाया। छात्र द्वारा स्वस्थ होने के उपरान्त सत्र 2019-2020 में द्वितीय वर्ष में पंजीकरण कराया गया। लेकिन वि वविद्यालय द्वारा सत्र 2019-2020 में पाठ्यकम परिवर्तित कर दिया गया। छात्र द्वारा प्रथम वर्ष पूर्व पाठ्यकम (Old Syallbus) एवं द्वितीय वर्ष नवीन पाठ्यकम (New Syallbus) से उत्तीर्ण किया गया। पाठ्यकमों में भिन्नता होने के कारण अन्तिम वर्ष की अंकतालिका नही मिल पायी। संस्थान द्वारा अन्तिम वर्ष की अंकतालिका उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। | 1. डॉ0 एस0 नैथानी, ई0सी0ई0, निदेशक, आई0टी0 गोपेश्वर – **सयोजक**<br>2. डॉ0 वी0के0 पटेल, एम0ई0 जी0बी0पी0ई0सी0, पौडी –**सदस्य**<br>3. डॉ0 अजीत सिंह, प्रोफेसर, सी0एस0ई0, बी0टी0के0आई0टी, द्वाराहाट, अल्मोड़ा–**सदस्य**<br>4.डॉ0 अनिरूद्ध गुप्ता, प्रोफेसर, एम0ई0, बी0टी0के0आई0टी, द्वाराहाट, अल्मोडा – **सदस्य**<br>उक्त समिति से अपेक्षा की गयी कि सबंधित प्रकरणों का निस्तारण कर आख्या विश्वविद्यालय को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।<br>बी0टी0के0आई0टी0 द्वाराहाट के छात्रों का विवरण भी संलग्न (संलग्नक–2) है। |
| **बिन्दु 32–05** | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद<br><br>आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं में सम्बद्ध संस्थानों को प्रश्नपत्र Digital Mail द्वारा प्रेषित किये जाने पर विचार। | बैठक में परीक्षा समिति द्वारा चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया कि आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं में सम्बद्ध संस्थानों यथा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों को प्रश्नपत्र Password protection के साथ Digital Mail द्वारा प्रेषित किये जायेंगे। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों के निदेशक द्वारा प्रश्न पत्र Digital Mail से प्रेषित किये जाने पर विचार व्यक्त करते हुए अनुरोध किया गया है कि परीक्षा के दिनों में प्रिन्ट आउट निकालकर परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराने हेतु संस्थान को Contingency दिया जाय। इस कम में परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि संबंधित संस्थानों को प्रश्नपत्र प्रिन्ट किये जाने के संबंध में होने वाले वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति मांग किये जाने पर की जा सकती है। शेष Contingency भुगतान के संबंध में आगामी वित्त समिति में प्रस्ताव रखे जाने का निर्णय लिया गया है। |

अन्त में परीक्षा समिति की 32 वीं बैठक अध्यक्ष महोदय व सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुयीं।

(परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य

(मा० कुलपति)
अध्यक्ष

# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

**VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN**

(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)
Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)
Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


पत्रांक 2445 /परीक्षा समिति/यूटीयू/2022 दिनाँकः 01 ~~नवम्बर~~ दिसम्बर, 2022

<u>प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. निजी सचिव, कुलपति को मा० कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
4. परीक्षा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचनार्थ।
5. विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।

(परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य